प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 16.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल के फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 28 लाख से ज्यादा नये नाम जोडे गए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा–बूंदी संसदीय क्षेत्र के दौरे पर–आज कोटा में तिरंगा यात्रा में भाग लेंगे।
- राष्ट्रीय डेंगी दिवस पर आज प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां हो रही है।
- राज्य में गर्मी का असर और बढ़ा–पश्चिमी इलाकों में तापमान 44 डिग्री से ज्यादा।

प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा पोर्टल के इस वर्ष 26 जनवरी से फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 28 लाख 14 हजार से अधिक नए नाम जोड़े जा चुके हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लोगों को खाद्य सुरक्षा का लाभ लेने के लिए पोर्टल पर नाम जोडने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसमें नाम जुडवाने के लिए हर लाभार्थी द्वारा ईकेवाईसी करवाई जाना अनिवार्य है। नाम जुड़ने की तारीख से तीन माह की अवधि में ईकेवाईसी करवायी जा सकती है। ईकेवाईसी नहीं करवाने की स्थिति में तीन महीने पूरे होते ही लाभार्थी का नाम खाद्य सुरक्षा सूची से अपने आप हट जाएगा। विभाग की ओर से लाभार्थियों को एसएमएस के माध्यम से ही इसकी सूचना दी जा रही है।

ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के जवानों के सम्मान में प्रदेश में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। आज शाम कोटा के रामपुरा में तिरंगा यात्रा का आयोजन होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसमें भाग लेंगे। पाली में कल राजकीय बांगड महाविद्यालय में ऑपरेशन सिंदूर के 25 फीट लम्बे बेनर के साथ एक विशाल तिरंगा पतंग उडाई गई। भारतीय सेना के जवानों के सम्मान में पाली रेल्वे स्टेशन को भी तिरंगी रोशनी से सजाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से आमलोग भी उत्साहित है। बाडमेर के स्थानीय निवासियों ने अपना उत्साह आकाशवाणी के साथ कुछ यूं साझा किया।

.....

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पांच दिवसीय प्रवास पर कल शाम कोटा पंहुचे। वे आज सुबह कोटा रेल्वे स्टेशन पर शक्तिनगर स्थित कार्यालय पर क्षेत्र के लोगों से संवाद करेंगे। शाम को तिरांगा यात्रा में शिरकत करेंगे। श्री बिरला का कल इटावा खातोली क्षेत्र में करीब 28 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यो के लोकार्पण और शिलान्यास का कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री शर्मा ने प्रदेश की जल संसाधन विकास योजनाओं और सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा की। साथ ही राज्य की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और नदी संरक्षण कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श किया गया।

आज राष्ट्रीय डेंगी दिवस है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों में डेंगी बुखार के साथ–साथ अन्य वैक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूकता बढाना है। इस वर्ष की थीम है देखें, साफ करें, ढकें–डेंगी को हराने के उपाय करें। इस अवसर पर राज्य में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सभी जिलों में विद्यार्थियों, कर्मचारियों और जन–समुदाय को पोस्टर, नारा लेखन, पेम्पलेट तथा सोशल मीडिया के माध्यम से जागरुक करने के निर्देश दिए गए हैं। जन–स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 के मुकाबले राज्य में डेंगी के मामलों में 37 प्रतिशत और

इसके कारण होने वाली मौतों में 91 प्रतिशत की कमी आई है। हनुमानगढ़ में डेंगी दिवस पर एंटीलार्वा गतिविधिया आयोजित की जायेगी। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी नवनीत शर्मा ने अपील की है कि लोग कूलर और अन्य स्थानों पर भरे हुए पानी की लगातार सफाई करें, ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके।

.....

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने 719 नर्सिंग ऑफिसर को प्रदेशभर में विभिन्न रिक्त पदों पर पदस्थापित किया है। विभाग के निदेशक राकेश शर्मा ने बताया कि 8 हजार 750 पदों के लिए नर्सिंग ऑफिसर भर्ती की प्रक्रिया को पूरा करते हुए विभाग ने बीते दिनों परिणाम जारी किया था। इससे पहले करीब 7 हजार 674 नर्सिंग ऑफिसर को नियुक्ति दे दी गई थी। विभिन्न कारणों से जिन अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया था, उनमें से 719 और अभ्यर्थियों को विभाग ने कल नियुक्ति देते हुए पदस्थापन कर दिया है। नर्सिंग आफिसर भर्ती होने से प्रदेशभर में चिकित्सा सुविधाओं को और मजबूत किया जा सकेगा। इधर राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल के 10 हजार पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की तारीख 25 मई कर दी गई है। पहले 17 मई तक आवेदन किये जा सकते थे।

राजस्थान मदरसा बोर्ड की ओर से कल प्रदेशभर के मदरसों में 'गुड टच, बैड टच' की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। बोर्ड के सचिव चेतन चौहान ने बताया कि इस दौरान पैरा टीचर्स ने सभी विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही स्लोगन राइटिंग, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान पुलिस की निर्भया स्क्वाड द्वारा भी इस विषय पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

प्रदेश में गर्मी का असर लगातार तेज हो रहा है। दिन और रात के तापमान में बढोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में 25 शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। राज्य के पश्चिमी इलाकों में कई स्थानों पर दिन का तापमान 44 डिग्री के पार पहुंच गया। 45 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म स्थान रहा।

.....

मौसम विभाग ने आने वाले तीन—चार दिन जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में तेज धूल भरी हवाएं चलने और तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। आज और कल अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री दर्ज होने और कहीं—कहीं लू चलने के आसार है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। इसके लिए 23 मई तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल—फ्री नम्बर 1800—11—7800 के माध्यम से दिया जा सकता है।

वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा।